राजस्थान सरकार
मंत्रिमण्डल सचिवालय

क्रमांकः प. 5(1)मं.मं. / 2019 जयपुर, दिनांक 09/12/2019

आदेश

तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती (लेवल–2) वर्ष–2018 में मूल परिणाम, रिशफल परिणाम तथा वेटिंग लिस्ट जारी करने के बाद रिक्त रहे पदों हेतु संशोधित वरीयता सूची जारी कराने तथा पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार (2013) की लम्बित नियमित नर्स भर्ती में भाजपा सरकार द्वारा कटौती किए गए नर्स ग्रेड–द्वितीय के 4514 पद एवं ए.एन.एम. के 6719 पदों को पुनः सृजित करते हुए भर्ती पूर्ण करने के संबंध में विभिन्न प्रतिनिधि मण्डलों की मांगों की सुनवाई एवं परीक्षण हेतु निम्नांकित मंत्रिगण की मंत्रिमण्डलीय उप समिति का गठन किया जाता हैः–

1.	श्री बुलाकी दास कल्ला, मंत्री, ऊर्जा, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी, भू–जल, कला साहित्य, संस्कृति और पुरातत्व विभाग	अध्यक्ष
2.	श्री रघु शर्मा, मंत्री, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, आयुर्वेद एवं भारतीय चिकित्सा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं (ईएसआई), सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग	सदस्य
3.	श्री गोविन्द सिंह डोटासरा, राज्य मंत्री, शिक्षा विभाग (प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा), पर्यटन एवं देवस्थान विभाग	सदस्य
4.	डा. सुभाष गर्ग, राज्य मंत्री, तकनीकी शिक्षा, संस्कृत शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, आयुर्वेद और भारतीय चिकित्सा, ईएसआई एवं सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग	सदस्य

उक्त समिति का प्रशासनिक विभाग, कार्मिक विभाग होगा तथा इसके सदस्य सचिव, प्रमुख शासन सचिव, कार्मिक विभाग होंगे।

राज्यपाल की आज्ञा से,

(कैलाश चन्द गुप्ता)
वरिष्ठ शासन उप सचिव

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. सचिव, राज्यपाल, राजस्थान, जयपुर।
2. प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री, राजस्थान, जयपुर।
3. विशिष्ठ सहायक, उप मुख्यमंत्री, राजस्थान।
4. विशिष्ठ सहायक / निजी सचिव, संबंधित मंत्रिगण / राज्यमंत्री।
5. वरिष्ठ उप सचिव, मुख्य सचिव, राजस्थान।
6. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, कार्मिक विभाग।
7. निजी सचिव, शासन सचिव, मंत्रिमण्डल सचिवालय।
8. प्रोग्रामर, कम्प्यूटर सैल, सामान्य प्रशासन विभाग, राजस्थान।
9. रक्षित पत्रावली।

9/12/2019
वरिष्ठ शासन उप सचिव